# जिंदगी श्याम की अमानत है भजन लिरिक्स

जिंदगी श्याम की अमानत है,
सांवरा करे हिफाजत है,
ज़िन्दगी श्याम की अमानत है।**bd**।

तर्ज – जिंदगी इम्तेहान लेती है।

---

रिश्तो की कीमत समझना जरुरी,
इनके बिना है जिंदगी अधूरी,
इनके बिना है जिंदगी अधूरी,
जिंदगी श्याम की इनायत है,
सांवरा करे हिफाजत है,
ज़िन्दगी श्याम की अमानत है।**bd**।

---

मुश्किल से पाया मानव जनम है,
अपना पराया बस ये भरम है,
अपना पराया बस ये भरम है,
जिंदगी श्याम से सलामत है,
सांवरा करे हिफाजत है,
ज़िन्दगी श्याम की अमानत है।**bd**।

---

मुख जिंदगी से ना मोड़ना तू,
'मोहित' भरोसा ना छोड़ना तू,
'मोहित' भरोसा ना छोड़ना तू,
बस यही श्याम की हिदायत है,
सांवरा करे हिफाजत है,
ज़िन्दगी श्याम की अमानत है।**bd**।

---

जिंदगी श्याम की अमानत है,
सांवरा करे हिफाजत है,
ज़िन्दगी श्याम की अमानत है।**bd**।

**Singer – Anjana Ji Arya**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com